प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

रामनवमी पर समूचा देश राममय है। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम का आज सूर्य तिलक हुआ। सूर्य की किरणों से श्रीराम लला का अभिषेक हुआ, जिसके खास और आम साक्षी बने। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी वर्चुअल माध्यम से राम मंदिर में प्रभु श्रीराम के सूर्य तिलक समारोह को देखा। उन्होंने रामनवमी पर भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर मंगलकामना की। प्रधानमंत्री ने कामना की कि भगवान राम की कृपा से सभी का कल्याण सुनिश्चित हो और विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्र संकल्प की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त हो।

****

रामनवमी पर राज्य में भी हर्ष और उल्लास का माहौल है। राजधानी रांची समेत राज्यभर में रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हो रहे हैं। जिलों में श्रीराम जन्मोत्सव की छटा देखते ही बन रही है। रांची का राम जानकी तपोवन मंदिर राजधानी वासियों के लिए आस्था का प्रमुख केन्द्र बना हुआ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर मंगलकामना की। इस मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि भगवान श्रीराम हम सभी के आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी का यह महापर्व हमारी आपसी एकता, बंधुत्व और सौहार्द को दर्शाता है। उन्होंने राज्य वासियों को रामनवमी की शुभकामनायें भी दी।

****

राज्यभर में जगह–जगह इन दिनों चैत्र नवरात्र की भी धूम है। नवरात्र के नौवें दिन आज देवी दुर्गा के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की जा रही है। मंदिरों और घरों में आज लोगों ने कन्या पूजन भी किया। रांची में श्री चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा भव्य पूजा पंडाल बनाया गया है, जहां लगातार भक्त पहुंच रहे हैं।

****

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन कल राज्य के एकदिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। उपराष्ट्रपति का कल सवेरे में रांची आगमन होगा, जिसके बाद वे खूंटी के उलिहातू जाकर भगवान बिरसा मुंडा को नमन करेंगे। उपराष्ट्रपति दोपहर बाद आईआईएम रांची के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे, जिसके बाद वे दिल्ली लौट जायेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम पश्चिम एशिया संघर्ष पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बातचीत करेंगे और राज्य की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। सूत्रों के अनुसार बैठक में टीम इंडिया की भावना से समन्वित प्रयासों को सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा।

****

केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज स्पष्ट किया कि भारत में लॉकडाउन की अफवाहें पूरी तरह से झूठी हैं और सरकार के विचार में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। श्री पुरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वैश्विक स्थिति में लगातार बदलाव हो रहे हैं, ऐसे में सरकार ऊर्जा, आपूर्ति श्रृंखलाओं और आवश्यक वस्तुओं पर वास्तविक समय के आधार पर बारीकी से नजर रख रही है।

****

केंद्र सरकार ने बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर दस रुपए प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी कम करने का ऐलान किया है। इसके बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी कम होकर तीन रुपए प्रति लीटर और डीजल पर शून्य हो गई है। इसका उद्देश्य अमेरिका, इजरायल–ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत में आए उछाल के प्रभाव को सीमित करना है। केन्द्र सरकार ने ईंधन के निर्यात और विदेशी विमानों को आपूर्ति किए जाने वाले ईंधन पर भी एक्साइज शुल्क में छूट प्रदान की है। केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति और मूल्यों को स्थिर रखने के प्रति संवेदनशील है।

****

दिल्ली में हॉकी इंडिया द्वारा वार्षिक पुरस्कार समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान केन्द्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। इस मौके पर झारखंड की सलीमा टेटे समेत अन्य खिलाड़ियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया।

****